कार्यालय नगर निगम, जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर)

जयपुर को मिला बेस्ट सिटी अवार्ड

महापौर ने अभिनेता आमिर खान से पुरस्कार ग्रहण किया

जयपुर, 12 मार्च। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समरोह में टीवी चैनल ने पुरासम्पदा, संस्कृति एवं आधुनिक विकास के प्रतीक और छोटी काशी के रूप में विश्व प्रसिद्व गुलाबी नगर जयपुर को 'बेस्ट सिटी अवार्ड' से नवाजा है ।

जयपुर की महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल ने कल दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में अभिनेता आमिर खान से **'सर्वश्रेष्ठ शहर जयपुर'** का पुरस्कार ग्रहण किया। पुरस्कार वितरण समारोह में सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रमुख जनप्रतिनिधियों जिनमें श्री हरविन्दर सिहं लवली, मनीष सिसोदिया, श्री शाहनवाज हुसैन सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रशासनिक अधिकारी, व्यवसायी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

विदित हो कि गत वर्षों में जयपुर शहर का तेज गति से चहुॅमुखी विकास हुआ है। जयपुर की पुरा सम्पदा का संरक्षण होने, फसाड़ सुधार का कार्य होने, अनेक उधानों व धार्मिक स्थलों का पर्यटन स्थलों के रूप में विकास होने, मेट्रो रेल परियोजना शुरू होने, धाट की गूणी टनल बनने, नये फ्लाई ओवर व अण्डरपास बनने, सार्वजनिक परिवहन व प्रकाश व्यवस्था अच्छी होने आदि कारणों से जयपुर शहर की पहचान एक ऐतिहासिक एवं पुरा महत्व के शहर के साथ–साथ विश्व स्तरीय शहर के रूप में होने लगी है। विकास के उक्त नये पायदानों को छूने के कारण जयपुर को सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में चुना है।